

# Home Decor

# घर सजाने की बातें

**घर के इंटीरियर में कॉन्ट्रास्ट कलर जादुई असर पैदा करता है। इन रंगों का इस्तेमाल घर के किसी कोने को आपकी फेवरेट जगह बना देगा।**




हर कोई चाहता है कि उसका घर एनर्जी से भरपूर हो और वह वाइब्रेंट लगे। घर के इंटीरियर में रंग भरने के लिए अपनी कल्पनाओं को खुल कर खेलने दें। इसे बंदिशों में ना बांधें। शोख रंगों को बिखेरना चाहें या मिक्स एंड मैच का अलग हट कर कॉम्बिनेशन करें, थोड़े-बहुत रंगों के बदलाव से कमरे को न्यू लुक दे सकते हैं।

घर के इंटीरियर में कंप्लीट मेकओवर करने या ज्यादा पैसे खर्च की कोई जरूरत नहीं है। कॉन्ट्रास्ट रंगों का इस्तेमाल थोड़ी सूझबूझ के साथ किया जाए, तो कमरे में ऐसा जादुई असर पैदा होता है कि कोई भी इसे देख कर दांतों तले उंगली दबा ले। कॉन्ट्रास्ट कलर घर के इंटीरियर का ऐसा सीक्रेट है, जो अपने प्रभाव से घर की किसी जगह या कोने को आपकी फेवरेट जगह बना सकता है।

## क्लासिक किचन

किचन इंटीरियर की बात करें, तो यह पर्सनल चॉइस का ऐसा हिस्सा है, जिसमें आप कंफर्टेबल महसूस करते हैं। महिलाओं का ज्यादा वक्त यहीं






बीतता है। इसे मॉडर्न टच दिया जाए, तो एलीगेंट लुक आता है। ज्यादातर घरों में किचन में कैबिनेट्स लाइट कलर के और दीवारों का कलर डार्क टोन का होता है।

- किचन की दीवार गहरे ग्रे कलर की है, तो उसमें अच्छी क्वॉलिटी के हल्के ग्रे रंग के ऐसे वुडन लेमिनेट्स के कैबिनेट्स लगाएं, जिन पर दाग-धब्बे और स्क्रैच ना पड़ते हों। स्टीम और हीट से उनका रंग खराब ना हो। कैबिनेट्स में ऊपर की तरफ चेरी कलर के लेमिनेट्स का बॉर्डर लगाया जाए, तो हर किसी की नजर किचन पर जाएगी।
- इस तरह की किचन के काउंटर टॉप पर सफेद रंग की सिरेमिक की क्रॉकरी रखें, क्लासिक टच देगी। इसमें मैटेलिक फिक्सचर्स या रोज गोल्ड की फिनिश के मैटेलिक रिम के फिक्सचर्स लगाने से किचन शानदार लगती है।

## रॉयल लिविंग रूम

- इंटीरियर में कॉन्ट्रास्ट कलर का इस्तेमाल करते समय ध्यान रखें कि दोनों रंग एक-दूसरे पर हावी ना हों, बल्कि एक-दूसरे के पूरक लगें। एक रंग अधिकता लिए हो, तो दूसरा उससे कम हो। रंगों के बीच तालमेल लिविंग रूम में रखे फर्नीचर व अन्य एक्सेसरीज के जरिए भी कर सकते हैं। कॉन्ट्रास्ट कलर्स के सही कॉम्बिनेशन करिश्माई अहसास पैदा करते हैं।
- लिविंग रूम की दीवार पर मैरून रंग के लेमिनेट्स लगे हैं, तो इसकी टोन को कम करने के लिए न्यूट्रल रंग का इस्तेमाल करें। इस तरह की बैकग्राउंड होने पर वाइट कलर का फर्नीचर रख सकते हैं। पेंटिंग्स ऐसी लगाएं, जिनमें वाइट के साथ ग्रे व ब्लैक कलर हों, पर वाइट कलर थोड़ा उभर कर आए। इस कॉम्बिनेशनवाले कमरे से नजर हटाना मुश्किल हो जाएगा।
- लिविंग रूम में कॉन्ट्रास्ट कलर के इस्तेमाल को ले कर कॉन्फिडेंट नहीं हैं, तो ब्लैक एंड वाइट का कॉम्बिनेशन सेफ माना जाता है। यह कॉम्बिनेशन कभी आउट ऑफ स्टाइल नहीं होता। यह सबसे पॉपुलर कॉन्ट्रास्ट माना जाता है। दीवार पर वाइट पेंट किया है, तो ब्लैक कलर की वुडन लेमिनेट्स की कैबिनेट रखें। इस पर दीवार के रंग से मैच करती वाइट कलर की टेबल क्लॉक या लैंप शेड रखें। वाइट पॉट में इंडोर प्लांट लगाएं। वाइट कलर की अधिकता से कमरा साफ-सुथरा नजर आएगा।
- बैकग्राउंड में ब्लैक एंड वाइट दोनों रंगों का इस्तेमाल हो, तो इस कमरे को जीवंत बनाने के लिए इसमें पीले रंग के वुडन लेमिनेट्स की कैबिनेट या टेबल रखें। इसके ऊपर काले रंग की कोई कलात्मक चीज रखें और फिर इसका कमरे पर प्रभाव देखें। रॉयल लुक देगा।
- ब्लैक एंड वाइट से हट कर दूसरे रंग पसंद आते हैं, तो येलो व पर्पल या ऑरेंज व ब्लू कॉम्बिनेशन ट्राई कर सकते हैं।

◆ नीलम सिकंद

फोटो सौजन्य : ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज